पंचायत समिति बौंली के मतदान केंद्रों का निरीक्षण

सवाई माधोपुर। राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) पंचायती राज विभाग, राजस्थान, जयपुर ब्रजेश कुमार चांदोलिया को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव के लिए पर्यवेक्षक चांदोलिया ने रविवार को पंचायत समिति बौंली के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षक चांदोलिया का प्रवास स्थल सर्किट हाउस, सवाई माधोपुर रहेगा। चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा समस्या के लिए आमजन, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल पर्यवेक्षक से सर्किट हाउस के कमरा नम्बर 110 में संपर्क कर सकते हैं।

गांव का वोटर अब टुकड़ों में बंटकर विकास नहीं चाहता : संजय शर्मा

खैरथल-तिजारा। जिले की नवगठित जिला परिषद के पहले चुनावी रण में सबसे बड़ा धमाका रविवार को बीबीरानी में हुआ। वार्ड नंबर 24 को जिले की सबसे हॉट सीट बनाते हुए भाजपा ने यहां से पूर्व विधायक रामहेत यादव के पुत्र सतीश रामहेत यादव के चुनावी कार्यालय का भव्य उद्घाटन कर चुनावी शंखनाद कर दिया।

राज्य सरकार में वन मंत्री संजय शर्मा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया तो हजारों की संख्या में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़ ने इस चुनाव को केवल जिला पार्षद का नहीं, बल्कि जिले के पहले जिला प्रमुख का चुनाव बना दिया। मंच पर मंत्री के साथ भाजपा के दिग्गजों की मौजूदगी ने एक ही संदेश दिया खैरथल-तिजारा जिले में पहला जिला प्रमुख भाजपा का ही बनेगा।

रविवार को बीबीरानी में आयोजित इस विशाल सभा में वन मंत्री संजय शर्मा के साथ मुंडावर के पूर्व विधायक मनजीत चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, सरस डेयरी अध्यक्ष नितिन सगवान, वरिष्ठ नेता संजय नरूका, खैरथल नगर परिषद सभापति विक्रम विक्की चौधरी, किशनगढ़ बास नगर पालिका अध्यक्ष विश्वास यादव, कोटकासिम नगर पालिका अध्यक्ष सहित जिले भर के भाजपा नेता मौजूद रहे। नेताओं की यह एकजुटता देखकर राजनीतिक पंडित भी मान रहे हैं कि भाजपा ने वार्ड 24 को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया है।



भाजपा प्रत्याशी सतीश रामहेत यादव के कार्यालय उद्घाटन में वन मंत्री संजय शर्मा सहित नेताओं का बड़ी माला से स्वागत किया।

- खैरथल के 25 के 25 वार्डों में खिलेगा कमल : संजय शर्मा

जिला परिषद के 25 वार्डों में वार्ड 24 पर पूरे जिले की नजर इसलिए टिकी है क्योंकि यहां से चुनाव लड़ रहे सतीश यादव केवल प्रत्याशी नहीं हैं। वे पूर्व विधायक रामहेत यादव के पुत्र हैं और राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि वे केवल जिला पार्षद नहीं, बल्कि भावी जिला प्रमुख के सबसे प्रबल दावेदार हैं। इसलिए इस वार्ड का चुनाव परिणाम तय करेगा कि जिले की सत्ता की चाबी किसके हाथ में होगी।

सभा को संबोधित करते हुए वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि गांव का वोटर अब समझदार हो गया है। वह टुकड़ों में बंटकर विकास नहीं चाहता। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार दौड़ रही है, तो गांव को भी ऐसी ही सरकार चाहिए जो बिना किसी ब्रेक और अड़ंगे के विकास की रफ्तार से दौड़ सके।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वार्ड 24 में सतीश यादव को ही नहीं, बल्कि जिले के 25 के 25 वार्डों में भाजपा का कमल खिलाकर गांव की सरकार को भी दिल्ली-जयपुर की विकास वाली गाड़ी में बैठाएं। इस दौरान पूर्व विधायक मनजीत चौधरी ने भी कहा कि शहर की तीनों नगर पालिकाओं में जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है, अब गांव की बारी है। अंत में पूर्व विधायक रामहेत यादव और प्रत्याशी सतीश यादव ने गांव-गांव से आए हजारों समर्थकों का आभार व्यक्त किया।

शांतिपूर्ण व भयमुक्त मतदान करवाना पुलिस की प्राथमिकता : एसपी

भरतपुर। पंचायत आम चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद है। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना के निर्देशों पर जिलेभर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास कायम करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर विशेष पुलिस सुरक्षा अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के पुलिस अधिकारियों एवं थानाधिकारियों मय जाब्ता द्वारा अपने-अपने क्षेत्र की ग्राम पंचायतों एवं संवेदनशील इलाकों में लगातार फ्लैग मार्च, पैदल गश्त (फुट पेट्रोलिंग) तथा सघन नाकाबंदी की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टीमें गांवों में पहुंचकर आमजन से संवाद स्थापित कर रही हैं तथा चुनाव के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने का संदेश दे रही हैं।

- पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की टीमें गांवों में पहुंचकर आमजन से संवाद स्थापित कर रही

पंचायत चुनावों की दृष्टि से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केंद्रों को विशेष निगरानी में रखा गया है। पुलिस अधिकारी स्वयं इन मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। संबंधित क्षेत्रों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्गों एवं कानून व्यवस्था से जुड़े पहलुओं का आकलन कर आवश्यक पुलिस व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अवांछनीय स्थिति उत्पन्न न हो।

कांग्रेस की प्रचंड बहुमत के साथ होगी जीत : प्रशांत बैरवा

निवाई। जिला परिषद चुनाव 2026 को लेकर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बरथल तिराहे के समीप कांग्रेस डीआर प्रत्याशी सुषमा बैरवा के चुनाव कार्यालय का विधिवत समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, प्रत्याशी सुषमा बैरवा, चुनाव प्रभारी बत्तीलाल गुर्जर व पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी ने विधिवत गणेशजी की पूजा अर्चना करके कार्यालय का फीता काटकर किया। समारोह में संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि जिला परिषद के चुनाव में कांग्रेस की प्रचंड महुमत के साथ जीत होगी और कांग्रेस का ही जिला प्रमुख बनेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिसको प्रत्याशी बनाया है। सभी को एकजुट होकर उसे जिताना है। उन्होंने कहा कि हमने करोड़ों रूपयों से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र का चहुमुखी विकास करवाया था। जिनके निर्माण कार्य अभी भी चल रहे है।


कांग्रेस डीआर प्रत्याशी सुषमा बैरवा के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए।

पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र और तीव्र विकास के लिए कांग्रेस को जिताना है। शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के मुख्य कार्यालय का शुभारंभ होने के साथ ही पंचायतराज का चुनावी बिगुल बज चुका है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता अभी से पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी तैयारियों में जुट जाए और कांग्रेस के प्रत्याशियों को जिताएं।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हरिभाई बैरवा, प्रदीप पारीक, चन्द्रकला गुर्जर, राजेश चौधरी, महावीर पराणा, पारस पहाड़ी, प्रवीण माणू, हंसराज गाता, ब्रह्मप्रकाश गुर्जर, सीताराम शर्मा अलियाबाद, सरपंच देवालाल गुर्जर सिंदरा, फूलचंद लांगड़ी, दीपेन्द्र सिंह खंगारोत, कर्मा जाट, सुनिता जैन, पप्पूलाल मीणा, मदन मीणा, राजेश पारीक खंडवा, व घनश्याम मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

- कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, प्रत्याशी सुषमा बैरवा, चुनाव प्रभारी बत्तीलाल गुर्जर व पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी ने किया

टोंक में भाजपा ने "लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ" पदयात्रा निकाली

टोंक। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय से शुरू होकर पटेल सर्किल तक पहुंची। इस पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने किया तथा इस दौरान कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस पदयात्रा से पहले कार्यकर्ताओं की जिला कार्यालय पर बैठक हुई। इसके बाद हाथों में तिरंगा और पार्टी के झंडे लेकर नारेबाजी करते हुए पटेल सर्किल तक मार्च किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।


पदयात्रा जिला मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय से शुरू होकर पटेल सर्किल तक पहुंची।

- पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने किया तथा इस दौरान कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए

पदयात्रा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विरोध और आंदोलन का अधिकार सभी को है, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने और उन्हें दबाव में लाने की कोशिशों पर गंभीरता से चर्चा जरूरी है। सरकार बदलने या व्यवस्था में परिवर्तन की मांग करना राजनीतिक अधिकार है और आंदोलन करना लोकतंत्र का हिस्सा है।

हालांकि, इसके साथ संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा का ध्यान रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर बार-बार सवाल उठाकर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिशों का विरोध होना चाहिए। संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले देशवासी ऐसी गतिविधियों का लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देना जानते हैं।

पदयात्रा में पूर्व विधायक अजित सिंह मेहता, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी, रामचंद्र गुर्जर, राजेश शर्मा, रमाकांत शर्मा, प्रधान काबरा, राजेंद्र सैनी, पूर्व प्रधान राम अवतार लांगड़ी, जगदीश गुर्जर, दीपक संगत, प्रहलाद सिंह, ओमप्रकाश पांडे, हरिराम यादव, नीलिमा आमेरा, बीना छामुनिया, राधेश्याम चावला, राजेश मंगल और कमलेश यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पावटा में सड़क की बदहाल स्थिति से ग्रामीणों में आक्रोश

पावटा। क्षेत्र में पावटा से कुनेड सड़क निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। कई सालों से अधूरा पड़ा सड़क निर्माण अब लोगों के लिए परेशानी के साथ हादसों का कारण बनता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार की लापरवाही के चलते सीसी रोड भी क्षितग्रस्त हो गई है। सड़क जगह-जगह से टूटने और निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। वहीं, जिस हिस्से में सीसी रोड बनाई गई थी, वह भी क्षितग्रस्त हो चुकी है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई बार समस्या को लेकर जिम्मेदारों का ध्यान आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने ठेकेदार की कार्यशैली और संबंधित विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकारी राशि खर्च होने के बावजूद सड़क की यह स्थिति चिंताजनक है।

अलवर में 'विकसित भारत युवा संवाद' कार्यक्रम आयोजित

अलवर। माय भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में गौरीदेवी महाविद्यालय में 'विकसित भारत युवा संवाद - अपना वोट जानें' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक प्रक्रिया और राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूक करना था। महाविद्यालय की प्राचार्य सत्याभान यादव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन ने माय भारत की विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ भागीदारी निभाने का आव्हान किया। यूथ आइकन रिंकी खातून ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत प्रयास, सक्रियता और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व को रेखांकित किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान, लोकतंत्र, युवा भागीदारी और विकसित भारत के निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने सवाल रखे। उन्होंने अनुशासन, निरंतर अभ्यास, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण को सफलता का आधार बताया।

- कार्यक्रम में लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मताधिकार और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक किया

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण कराने और 'अपना वोट जानें' विषय पर आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को अपने मताधिकार के महत्व को समझने के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता तथा युवा मोर्चा संयोजक रजनीश जैमन उपस्थित रहे। माय भारत की ओर से जिला युवा अधिकारी नेहा जादौन सहित महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. भागीरथ, प्रो. विजय लक्ष्मी, प्रो. अंजू बाला एवं अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

आचार्य ज्ञानभूषण महाराज के अवतरण दिवस पर पिच्छिका परिवर्तन समारोह

नौगांवा। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नौगांवा में रविवार को आचार्य श्री 108 ज्ञानभूषण जी मुनिराज के 34वें वर्षायोग एवं 64वें अवतरण दिवस के पावन अवसर पर भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह एवं भक्ति का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों और भक्तिमय प्रस्तुतियों से वातावरण धर्ममय हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिसमें प्रमुख रूप से बाबा ज्ञानचंद जैन, अशोक अगोनिज परिवार, पवन जैन चौधरी व उनकी पत्नी मधु जैन , गुलाब चंद जी मसाले वाले व उनका परिवार शामिल हुआ। इसके बाद मंच उद्घाटन एवं चित्र अनावरण का आयोजन किया गया।

विभिन्न धार्मिक क्रियाओं में समाज के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर आचार्य श्री के सान्निध्य एवं आशीर्वाद से पिच्छिका परिवर्तन का पावन कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भक्ति और श्रद्धा के साथ आचार्य श्री के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

- नौगांवा में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के साथ आचार्य श्री का 34वां वर्षायोग मनाया; संत के सान्निध्य में उमड़ा जैन समाज

समारोह में प्रतिष्ठाचार्य अरविंद जैन शास्त्री (दिल्ली) ने धार्मिक विधि-विधान संपन्न कराए। मंच संचालन कमलेश जैन वसंत (दिल्ली) ने किया। कार्यक्रम में गीतकार प्रियांश जैन (दिल्ली) की उपस्थिति भी रही। दोपहर में आयोजित वात्सल्य भोज में समाजबंधुओं ने एक साथ भोजन किया।

इससे पूर्व शनिवार शाम को गुरु भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजन में आचार्य श्री ने समाजबंधुओं को धर्म, संयम, अहिंसा और आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

विराटनगर में कांग्रेस-भाजपा ने झोंकी ताकत, इंद्राज गुर्जर और धनकड़ ने चुनाव प्रचार का मोर्चा संभाला

विराटनगर । पंचायती राज चुनाव को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस की ओर से पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष इंद्राज गुर्जर ने विभिन्न गांवों में जनसभाएं कर प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की, वहीं भाजपा की ओर से विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाया।

कांग्रेस के चुनावी अभियान के तहत पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसभाओं एवं चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया। मैड़-कुंडला पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिला परिषद वार्ड संख्या 17 से कांग्रेस प्रत्याशी अंजू वर्मा, वार्ड संख्या 18 से डॉ. रमा सूद एवं वार्ड संख्या 15 से शीशराम दायमा सहित पंचायत समिति सदस्य पद के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसमर्थन जुटाया गया। जनसभाओं में वक्ताओं ने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और सुशासन का उल्लेख करते हुए कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। इंद्राज गुर्जर ने कहा कि जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव में सफलता हासिल करेंगे। इस दौरान विराटनगर नगरपालिका चेयरमैन देशराज सैनी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, भाजपा की ओर से विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने भी चुनाव प्रचार की कमान संभालते हुए विधानसभा क्षेत्र के रामपुरा खुर्द, कैरली, बनीपार्क, बागावास अहिरान, भगतपुरा (जलेबी चौक), जयसिंहपुरा, बहादुरपुरा, सूरजपुरा, खरबूजी, रघुनाथपुरा, देवली, बादशाहपुर, पापड़ा, कुहाड़ा, मनफर, इस्माइलपुर, महांसिंह का बास एवं छितौली सहित विभिन्न गांवों में जनसंपर्क और चुनावी कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास और आमजन की सेवा भाजपा का संकल्प है।


पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से नेताओं का स्वागत किया।

- कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने की जनसभाएं, भाजपा प्रत्याशियों के लिए विधायक कुलदीप धनकड़ ने गांव-गांव जनसंपर्क किया

सार-समाचार

फुलेरा में जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह



फुलेरा। अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा की तहसील सभा फुलेरा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को आकाश्या टीबा स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित हुआ। जिला अध्यक्ष मुकेश झाझवाड़ की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पूर्व विधायक निर्मल कुमावत मुख्य अतिथि रहे। वहीं लखन लाल गोगोरिया एवं नंद लाल खंडेला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष राजू दाधीच एवं गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्मा की आरती के साथ हुई। इसके बाद नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष मूलचंद पेड़वाल ने अतिथियों का माला, साफा एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भंवर लाल कासलीवाल, यादराम कोतुकथलिया, शेष नारायण, शंकर लाल बारू, घनश्याम हर्षवाल, मोहन लाल बूंदवाल, सी.पी. त्रिपाठी, राजेंद्र लावंडिवाल, गोपाल पेड़वाल, भंवर लाल जायलवाल, चतुर्भुज हरसोलिया, कृष्णकांता जाला, कैलाश चंद देहमन, बजरंग लाल मीषण, नीता जांगिड़, मीना जांगिड़, संतोष धामा, संगीता धामा, लीला देवी मंडपिया, सूर्यकांता जांगिड़, दुर्गा देवी एवं पद्मा देवी सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे, कार्यक्रम का मंच संचालन प्रेम प्रकाश जाला ने किया।

पीएनबी रिटायरीज एसोसिएशन का चतुर्थ त्रिवार्षिक अधिवेशन आयोजित



अलवर। पंजाब नेशनल बैंक रिटायरीज एसोसिएशन, अलवर का चतुर्थ त्रिवार्षिक अधिवेशन ऑर्किड गार्डन में आयोजित किया गया। अधिवेशन में संगठन के 125 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन की पिछली अवधि के कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन एआईपीएनबीआरएफ के महासचिव मित्र वशु ने किया। उन्होंने सेवानिवृत्त बैंककर्मियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के पांच सुपर सीनियर सदस्यों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में पीएनबी के अलवर मंडल प्रमुख श्वेतांक कुमार ने बैंकिंग सेवाओं में हो रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बैंक की प्रगति में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए बताया कि अलवर मंडल ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में सभी प्रमुख पैरामीटर्स पर उल्लेखनीय प्रगति की है। कार्यक्रम में पिछले अधिवेशन के बाद दिवंगत प्रमुख राष्ट्रीय हस्तियों, संगठन के सदस्यों एवं अन्य साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक हेतराम शर्मा ने किया। अंत में जीएल मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ अधिवेशन का समापन हुआ।

लोधी समाज ने अधिकारी लोकेश लिल्हारे का स्वागत किया



जयपुर। लोधी समाज संस्था जयपुर मैं आयोजित स्वागत समारोह में आज स्टेशन रोड स्थित एक निजी होटल में समाज के प्रतिष्ठित लोकेश लिल्हारे जी, जीएसटी आयुक्त, भोपाल एवं मुख्य मार्गदर्शक अखिल भारतीय लोधा लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) जयपुर पधारे। समाज के प्रबुद्धजनों ने उनका स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर लोकेश जी नेउन्होंने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आज समाज में शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है उन्होंने सामाजिक एकता समरसता पर जोर दिया, उन्होंने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया एवं उन्हें सलाह दी की एक शिक्षित व्यक्ति अपना ही नहीं अपितु संपूर्ण समाज का विकास करता है इस अवसर पर लोधी समाज संस्था जयपुर के अध्यक्ष राकेश आर्य, आलोक संघ जयपुर के अध्यक्ष राजेश पथरिया, अखिल भारतीय लोधा लोधी समाज के उपाध्यक्ष बाबूलाल पथरिया, सचिव रामचंद्र पथरिया, सह कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह, एडवोकेट विक्रम, गोविंद सिंह, अमर सिंह, राम अवतार सिंह, भरतपुर धौलपुर से पधारे श्याम सिंह नवल सिंह कमल सिंह जितेंद्र , महिला अध्यक्ष सीता देवी समाज की प्रथम एलाइड सेवा में चयनित सुप्रवेश कुमारी आयकर विभाग में ऑफिस सुपरीटेंडेंट अक्षत पथरिया सहित अन्य प्रबुद्ध जनों ने उनका भाव भिना स्वागत किया।

हेमलता बनी प्रदेश सचिव

निवाई। कांग्रेस प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद परीड़वाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह ने शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यकारणी का विस्तार करते हुए कार्यकारणी में हेमलता देवी को प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किया है। इस दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सचिन पायलट, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली, राजेंद्रपाल गौतम, ममता भूपेश, बाबूलाल नागर, विधायक इन्द्रा मीणा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, पुष्पेंद्र भारद्वाज व बाबूलाल सांखला का आभार व्यक्त करते हुए संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।



मनोहरपुर में ब्राह्मण पार्षदों का सम्मान

मनोहरपुर । ब्राह्मण धर्मशाला मे ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गौरीशंकर हरितवाल और समस्त कार्यकारिणी द्वारा नगर पालिका मनोहरपुर में विजयी ब्राह्मण पार्षद गणों का सम्मान किया गया। समाज सेवी मनीष हरितवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मनोहरपुर नगर पालिका के नवनिर्वाचित पार्षद पंकज मिश्रा धर्मेंद्र व्यास बसंत पंच और सरिता विनय लाटा का स्वागत किया गया।। इस समारोह में ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र जी व्यास वर्तमान उपाध्यक्ष शंभू दयाल शर्मा शशि बुधरिका, अविनाश लाटा, अशोक व्यास, एडवोकेट सुनील शुक्ला समेत सभी कार्यकारिणी सदस्य और ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर कल

सवाई माधोपुर। सवाईमाधोपुर के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा के जन्मदिन 3 नवंबर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन सामान्य चिकत्सालय में आयोजित किया जायेगा। जन्मदिन के अवसर पर सवाई माधोपुर जिले के युवाओं एवं आमजन द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध करवाना तथा आमजन को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है।